सं.ए. 20011/30 (क)/2021-हिंदी
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

आज़ादी का अमृत महो

खण्डसं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date: 21 मार्च, 2022

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय मुख्यालय में दिनांक 25 मार्च, 2022 को कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।

निदेशालय (मुख्यालय) तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के समस्त कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी कार्यों के लक्ष्यों को प्राप्त करने और कार्मिकों की राजभाषा हिंदी में काम करने की रूचि पैदा करने के उद्देश्य से निदेशालय में प्रतिमाह हिंदी प्रतियोगिता/ हिंदी गतिविधि आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

2. उपर्युक्त के अनुपालनार्थ, मार्च 2022 माह में निदेशालय (मुख्यालय) में दिनांक **25 मार्च 2022 को 1500 बजे** से **1600 बजे** तक निदेशालय (मुख्यालय) एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन माध्यम से **हिंदी टिप्पण/ आलेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय निम्नानुसार है:-

(क) आपके अनुभाग के सहायक अनुभाग अधिकारी श्री सोहन लाल ने एक आवेदन प्रस्तुत करते हुए अपने पुराने मकान की मरम्मत करवाने हेतु अपने सामान्य भविष्य निधि से 2 लाख रूपए की भुगतान करवाने हेतु सक्षम प्राधिकारी से निवेदन किया है। अत: इस बाबत सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति हेतु एक हिंदी टिप्पण (नोटिंग) प्रस्तुत करें। **(15 अंक)**।

(ख) आपके अनुभाग की फाटोस्टेट मशीन खराब होने के कारण आपका कार्य बाधित हो रहा है। इस बाबत सक्षम प्राधिकारी को एक टिप्पण प्रस्तुत करते हुए फोटो स्टेट मशीन की मरम्मत हेतु स्वीकृति प्राप्त करें। **(15 अंक)**।

(ग) कार्यालय में आपकी तैनाती हिंदी अनुभाग में है। प्रत्येक तिमाही में भेजी जाने वाली राजभाषा हिंदी की समेकित रिपोर्ट राजभाषा प्रभाग, गृह मंत्रालय को आप इस कारण नहीं भेज पाए हैं; क्योंकि दिसम्बर 2021 तिमाही की रिपोर्ट अधिकांश स्टेशनों से हिंदी अनुभाग को प्राप्त नहीं हुई है। इस बाबत सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति हेतु पत्र का एक मसौदा प्रस्तुत करें। **(10 अंक)**।

(घ) आपके कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार आपके अनुभाग के लिए कुछ फर्नीचर की खरीद की जानी है। अत: इस बाबत क्रय समिति के गठन हेतु एक कार्यालय आदेश का मसौदा तैयार करें। (10 अंक) ।

3. हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को इस विषय पर स्वलिखित टिप्पण एवं आलेखन लिखना होगा। कम्प्यूटर से टाइप किया हुआ लेख पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिक अपने स्वलिखित टिप्पण/आलेखन को अपने प्रभारी अधिकारी के माध्यम से ई-मेल आई.डी.- dinesh.71@dcpw.gov.in पर स्कैन (पीडीएफ फोर्मेट पर) दिनांक 25 मार्च 2022 को 1700 बजे तक भेज देंगे।

4. इस प्रतियोगिता का परिणाम/उत्तर पुस्तिकाओं की जांच इसके लिए गठित एक निर्णायक समिति के द्वारा निकाला जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और वरियता क्रम में चौथा व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। चुंकि प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप पुरस्कार की राशि की कीमत तक की उपयोगी वस्तु प्रदान की जाएगी, अत: सुगमता हेतु अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के विजयी होने वाले प्रतिभगियों को इसका वहन उनके केन्द्र के इम्प्रेस्ट कैश (Imprest Cash) से किए जाने का निर्णय लिया गया है।

5. निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारियों एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के प्रभारियों से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक कर्मचारी जो किसी टेबल में कार्य करते हैं को भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए भाग लेने वाले इच्छुक कार्मिकों का नाम, पदनाम और मोबाइल नम्बर (whatsapp enabled) सहित दिनांक **23 मार्च 2022 को 1700 बजे तक** ई-मेल आई.डी. dinesh.71@dcpw.gov.in पर या फैक्स द्वारा भेज दें।

6. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

21.3.2022

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

<u>प्रतिलिपि</u>.

1. सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
3. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के स्टेशन अधीक्षक- विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।
5. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्योगिकी) - कृपया विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित:-</u>

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. सभी संयुक्त निदेशक : सादर सूचनार्थ।